दिनांक-10जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

शौचालयों में बेहतर व्यवस्था , निगम के अधिकारी/कर्मचारी कर रहे प्रतिदिन निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में भिलाई को नम्बर- 01 बनाने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के तहत् कार्य करने के लिए अधिकारी को निर्देश दिये हुए हैं !जिसके तहत् जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बेहतर हो किसी भी प्रकार की असुविधा शौचालय में उपयोग करने वालों को न हो इसके लिए शौचालयों की सीट एवं मूत्रालय हमेशा साफ एवं उपयोग योग्य होना चाहिए , वाश बेसिन व फर्श साफ सुथरा रहे। शौचालय में आइना , कूड़ादान हो तथा उसकी सफाई भी नियमित होना चाहिए। वहीं अन्य सुविधाओं में जल की उपलब्धता , हाथ धोने के लिए साबुन , पानी और नल होना सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रकार के मौसम को देखते हुए शौचालय हवादार, रोशनदार या एग्जाॅस्ट पंखा हो तथा लाइट की उचित व्यवस्था होना चाहिए! स्वच्छ भारत मिशन के तहत् सभी शौचालयों में महिलाओं व पुरूषों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार होना चाहिए। इसके अलावा दिव्यांग व निःशक्तजनों हेतु रैंप, व सीढ़ियो की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जाए। राहगीरों को शौचालय की जानकारी दूर से प्राप्त हो सके इसके लिए संकेतक चिन्ह शौचालय के समीप निश्चित दूरी पर लगे होने चाहिए। शौचालय के संचालन एवं रखरखाव के लिए भी मापदंड निर्धारित किए गए है , जिसमें शौचालयों से निकलने वाले गंदगी को नदी, तालाब व अन्य जलस्रोत वाले स्थानों पर खुले में नहीं बहाया जाए। सफाई कर्मचारियों के पास पर्याप्त मात्रा में सफाई में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रहने चाहिए। सफाई पर्यवेक्षक, संबंधित संस्था, सफाई निरीक्षकों का नाम व संपर्क सूचना पटल पर प्रदर्शित हो।!

जनसम्पर्क अधिकारी